## एक नजर में

### गणगौर पर महिलाओं ने की पूजा अर्चना

**सुठालिया 22 मार्च, सं.** शनिवार को चैत्र नवरात्रि की तीज के दिन गणगौर का पर्व मनाया गया. महिलाओ ने अपने पति की लम्बी आयु और लड़कियों ने श्रेष्ठ वर की प्राप्ति के लिए गणगौर पूजा की. शनिवार सुबह से नगर में सार्वजनिक स्थलों मंदिरो में सुहागिन महिलाओ गण के रूप में भगवान शिव और गौर के रूप में माता पार्वती की पूजा की. वही शाम को सूर्यास्त से पहले गणगौर को पानी पिलाने के बाद जलाशयों, तालाब, कुओं में विसर्जित किया गया.

### हाथीखाना की सड़क हुई बदहाल, रहवासी परेशान

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 21 मार्च, का.** नगर में कई प्रमुख मार्गो की बदहाली के कारण राहगीरों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. इसी तरह की समस्या श्री अंजनीलाल मंदिर जाने वाले मार्ग पर देखी जा सकती है. हाथी खाना से अंजनीलाल मंदिर जाने वाले मार्ग पर मेला ग्राउण्ड के समीप रोड पर नाली का गंदा पानी भरा होकर कीचड़ मचा हुआ है. जिसके कारण पैदल राहगीरों एवं दुपहिया वाहन चालको को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है. मार्ग की दुर्दशा सप्ताह, महीने भर से नहीं अपितु लम्बे समय से इस तरह के हालात बने हुए है. जबकि मंदिर जाने के लिए यह मुख्य मार्ग है. इसी मार्ग से होकर जूना ब्यावरा, मैन मार्केट व अन्य जगह से श्रद्धालुजन आते-जाते है.

### ईद पर समाजजनों ने अदा की नमाज

**सुठालिया 22 मार्च, सं.** ईद-उल-फितर का त्योहार पूरे उत्साह और भाईचारे के साथ मनाया गया. ईदगाह में सैकड़ों लोगों ने एक साथ नमाज अदा की. शहर सदर हाजी अब्दुल गफ्फार खान की मोजूदगी में शहर काजी निसार अहमद खां ने नमाज अदा कराई. उन्होंने कहा कि ईद प्रेम, शांति और भाईचारे का त्योहार है. उन्होंने शहर में अमन-चैन की दुआ की और सद्भावना बनाए रखने की अपील की. सुरक्षा बल तैनात रहा प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे. मुस्लिम समाज ने 30 दिन के रोजे और तरावीह की नमाज के बाद ईद का त्योहार मनाया. लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद दी.

### एक पखवाड़े में दूसरी बार खराब हुआ ट्यूबवेल



**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 22 मार्च, का.** गर्मी शुरु होते ही पेयजल स्रोतो में खराबी आना शुरु हो गया है. स्थानीय शहीद कॉलोनी में क्लब ग्राउण्ड के समीप मौजूद सार्वजनिक ट्यूबवेल विगत एक पखवाड़े के भीतर दूसरी बार खराब होने से पेयजल को लेकर परेशानी बढ़ गई है. जानकारी के अनुसार शहीद कॉलोनी में विद्युत विभाग के कार्यालय के समीप मौजूद ट्यूबवेल की मोटर में मार्च माह के पहले सप्ताह में खराबी आ गई थी. जिसे दुरस्त किया गया. तत्पश्चात 20 मार्च को फिर ट्यूबवेल की मोटर खराब आ गई. इससे पेयजल संकट बढ़ गया. उक्त ट्यूबवेल से यहां के रहवासी सहित दूर दराज से भी लोग पानी ले जाते है. आने वाले दिनों में गर्मी के तेज प्रकोप के चलते पानी की अधिक आवश्यकता होगी ऐसे में ट्यूबवेल के बंद होने से परेशानी और बढ़ सकती है.

# कमर्शियल की किल्लत, छोटे व्यापारी परेशान

## कमर्शियल सिलेण्डरों की सप्लाई नहीं होने कई छोटी होटलें बंद, भट्टी और तंदूर किए शुरू, कहीं घरेलू गैस का मजबूरी में उपयोग

**होटल व्यवसाय पर संकट, दर्जन भर होटलें बंद**

**कमर्शियल गैस सिलेंडर नहीं मिलने से कई और होटल बंद होने की कगार पर**

**लम्बे समय से नहीं मिल पा रहे है कमर्शियल सिलेंडर**









**ब्यावरा.** कमर्शियल गैस सिलेण्डर की किल्लत से होटल संचालक परेशान हो रहे हैं.

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 22 मार्च, का. ईरान-इजरायल युद्ध ने गैस संकट पैदा कर दिया है. बीते दिनों जहां घरेलू गैस को लेकर अफरा तफरी मची थी और बाद में प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद सप्लाई सुचारू हुई. वहीं अब नई समस्या सामने आ रही है. कमर्शियल गैस सिलेण्डरों की सप्लाई बंद होने के चलते होटल व्यवसाय पर असर पड़ रहा है. आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में नहीं होने से छोटे होटल संचालक सर्वाधिक परेशान हो रहे है. या तो वे अपनी होटलें बंद कर रहे है या फिर वैकल्पिक साधनों को जुटा रहे है. नगर में कई स्थानों पर यह भी देखा गया है कि होटल संचालक घरेलू गैस सिलेण्डरों के भरोसे है क्योंकि मजबूरी में उन्हें अपनी दुकान चलाने के लिए इसका सहारा लेना पड़ रहा है.**

नगर में होटल व्यवसाय पर इन दिनों संकट के बादल मंडरा रहे है. एक पखवाड़े से अधिक समय से कमर्शियल गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं होने के कारण करीब दर्जन भर होटल बंद हो चुकी है, जबकि कई होटल बंद होने की कगार पर है. होटल व्यवसाय बुरी तरह प्रभावित हो गया है.

गौरतलब है कि नगर में कमर्शियल गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहे है. सिलेंडर के अभाव में होटल व्यवसाईयों के समक्ष अपने प्रतिष्ठान बंद करने तक की नौबत आ गई है. दर्जन भर से अधिक होटल कई दिनों से बंद है. कई होटल बंद होने की स्थिति में है. कमर्शियल सिलेंडर नहीं मिलने से होटल व्यवसायी काफी चिंतित है. उनके द्वारा प्रशासन के समक्ष भी अपनी बात रखी जा चुकी है किंतु सिलेंडर का टोटा बना हुआ है. अब कमर्शियल गैस सिलेण्डरों की समस्या कब दूर होगी यह फिलहाल तय और स्पष्ट नहीं है. लेकिन हालात ऐसे ही रहे तो दिक्कत बढ़ सकती है.

### कहीं घरेलू गैस की किल्लत ना बन जाए

जिस प्रकार से इन दिनों होटलों और प्रतिष्ठानों में कमर्शियल गैस सिलेण्डर की किल्लत के कारण व्यापारी और होटल संचालक घरेलू गैस का उपयोग मजबूरी में कर रहे है. इससे कहीं ऐसा ना हो कि घरेलू गैस की एक बार फिर से किल्लत होने लगे. क्योंकि यदि घरेलू गैस प्रतिष्ठानों में उपयोग होती है तो स्वाभाविक रूप से घरेलू उपयोग में इसकी डिमांड बढ़ेगी और सप्लाई कमजोर होने से समस्या पैदा होगी.

#### सिलेंडर है पर इमरजेंसी के लिए

स्थानीय गैस एजेंसी संचालक के अनुसार उनको 20 कमर्शियल गैस सिलेंडर दिए गये है जो कि इमरजेंसी सेवा अस्पताल आदि के लिए है. अभी होटल संचालकों के लिए कमर्शियल सिलेंडर नहीं आये है. विदित है कि कमर्शियल सिलेंडर नहीं मिलने से आ रही परेशानी को लेकर विगत दिवस होटल हलवाई संघ द्वारा एसडीएम से मिलकर समस्या को रखा गया था किंतु आज दिनांक तक समस्या बनी हुई है.

#### वैकल्पिक संसाधन की तैयारी

कई चाय होटल संचालकों द्वारा हाथ भट्टी से चलने वाली सिगड़ी तैयार कर सिलेंडर की जगह उस पर चाय व अन्य खाद्य सामग्री बनाने की तैयारी की जा रही है. हाथ भट्टी वाली सिगड़ी कोयले एवं लकड़ी से चलती है इससे काफी सुविधा होगी. सिलेंडर की तुलना में इसका खर्च भी काफी कम होता है.



### विश्व जल दिवस पर किया सम्मानित

**नवभारत न्यूज, राजगढ़ 22 मार्च, का.** मध्य प्रदेश जल निगम परियोजना क्रियान्वयन ईकाई राजगढ़ द्वारा विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को विभिन्न ग्राम पंचायतों अंतर्गत कार्यरत वॉल्व ऑपरेटर को पाइप लाइन में लघु सुधार कार्य के संबंध में टूल किट का प्रशिक्षण एवं विभिन्न घटकों के बारे में जानकारी प्रदान की गई. इसी क्रम में विभिन्न ग्रामों की आंगनवाड़ी, आशा कार्यकर्ताओं को जल गुणवत्ता के संबंध में जल गुणवत्ता परीक्षण का प्रशिक्षण प्राप्त किया. इसी क्रम में उन्हें प्रयोगशाला में विस्तृत परीक्षण एवं एफटीके के माध्यम से परीक्षण का अभ्यास किया. साथ ही सभी प्रतिभागियों ने जल शोधन संयंत्र का भ्रमण कर जल शोधन की बारीकियों को समझा. इसी के साथ ग्राम गोरधनपुरा की ग्राम पानी समिति की अध्यक्ष श्रीमति रेणु ख़ान एवं पर्वत सिंह सोलंकी वॉल्व मेन को जल प्रदाय में उत्कृष्ट सेवा देने के लिए महामहिम राष्ट्रपति द्वारा 11 मार्च को दिल्ली में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा भोपाल में सम्मानित किया गया.

प्रशिक्षण में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले द्वारा वॉल्व मेन, आंगनवाड़ी/आशा कार्यकर्ताओं से चर्चा की व उनके द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना भी की. साथ ही श्रीमति खान का स्वागत-हरित अभिनंदन कर सभी को जल उपयोगिता एवं संरक्षण के लिए जल शपथ दिलवाई और सभी को उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रेरित किया. प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए.



# विवाह सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे नाबालिग जोड़े

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 22 मार्च, का. आगामी 29 अप्रैल को ग्राम निवानिया में होने वाले यादव समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है. सम्मेलन को लेकर रविवार ग्राम निवानिया के खेड़ापति हनुमान मंदिर परिसर में समाज की जिला स्तरीय बैठक हुई.**

समाज जिलाध्यक्ष विधायक अमरसिंह यादव ने कहा कि सम्मेलन में नाबालिग जोड़े शामिल न हो इसका पूरा ध्यान रखा जाये. युवक की उम्र 21 और युवती की उम्र 18 साल होना जरुरी है. जिन युवक-युवती की शादी सम्मेलन से की जाएगी उनके परिजन घर पर किसी भी प्रकार का आयोजन विवाह पत्रिका छपवाकर नहीं करेंगे. बैठक में फिजूल खर्च को रोकने पर जोर दिया गया. बैठक में जिले भर से उपस्थित समाजजनों ने सामूहिक विवाह सम्मेलन को भव्य रूप देने के लिए दस प्रकार की अलग-अलग समितियों का गठन कर जिम्मेदारियां दी गई. **आर्थिक रुप से कमजोर बच्चों का नि:शुल्क विवाह-** विवाह सम्मेलन में आर्थिक रुप से कमजोर परिवार के बच्चे एवं जिनके माता या पिता नहीं है उनका सम्मेलन में नि:शुल्क विवाह किया जाएगा. इस अवसर पर पूर्व न्यायाधीश एचएल यादव, समाज जिलाध्यक्ष विधायक अमर सिंह यादव, यादव महासभा के जिलाध्यक्ष सुरेश यादव, व्यवसायी लक्ष्मीनारायण यादव सेठजी, रामसिंह यादव भाटखेड़ी, उज्जैन धर्मशाला अध्यक्ष रामगोपाल यादव, डीपीसी राजेन्द्र यादव, ऊंकार सिंह यादव नारियाबे, नेमसिंह यादव जामी, राधेश्याम यादव सीलखेड़ा, पूर्व सरपंच प्रेमनारायण यादव सांडाहेड़ी, जगदीश यादव बरखेड़ा, सरपंच लखन यादव तलेनी, युवा समाज अध्यक्ष भगवान सिंह यादव गिंदौरहाट, पूर्व सरपंच छगनसिंह यादव, सत्यनारायण यादव निवानिया, शिक्षक कमल यादव, जनपद सदस्य लखन यादव, अशोक यादव, दिनेश यादव, रमेश यादव, सुखराम यादव, हेमराज यादव कीलखेड़ा, डॉ. मोहन यादव निवानिया आदि उपस्थित रहे.

# पर्यावरण के संरक्षण का संकल्प

**नवभारत न्यूज, नरसिंहगढ़ 22 मार्च, सं.** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के अंतर्गत जल गंगा संबर्धन अभियान के तहत तालाब की साफ - सफाई की गयी. रविवार को नवांकुर संस्था ओम शान्ति महिला मण्डल नरसिंहगढ़ के द्वारा शासकीय महाविद्यालय परिसर में परामर्शदाताओं एवं छात्र, छात्राओं के द्वारा बृक्ष पूजन किया गया. तालाब की सफाई की जिसमें सभी का सहयोग प्राप्त हुआ. संस्था अध्यक्ष हेमलता गोयल के अनुसार जल संरक्षण हमारे लिए बहुत ही आवश्यक है जल स्त्रोत जीवन जीने का अभिन्न अंग है और बृक्ष हमें अधिक ऑक्सीजन प्रदान करते है. सभी ने पर्यावरण के संरक्षण का संकल्प लेते हुए जल एवं बृक्ष बचाने की शपथ ली.




# पॉश कॉलोनी में सड़क पर बह रहा नाली का पानी

## शहीद कॉलोनी में मंदिर के समीप से आना-जाना हुआ मुश्किल

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 22 मार्च, का.** नगर में नालियों की सफाई हुए कई जगह पर एक माह से ऊपर हो चुका है. मलबा, कचरा से भरने के कारण नालियों से गंदा पानी सड़क पर बहने लगा है. ऐसा ही नजारा इन दिनों शहीद कॉलोनी में देखा जा सकता है. यहां कैला माता मंदिर के समीप नाली का पानी सड़क पर बह रहा है, जिसके कारण राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. गौरतलब है कि शहीद कॉलोनी में मंदिर के समीप नाली जाम होने से गंदा पानी रोड पर बह रहा है जो कि समूचे मार्ग पर फैल रहा है. इसी के बीच से होकर राहगीर को आना-जाना पड़ रहा है. नवरात्रि पर्व के चलते रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर आ रहे है उनको भी रोड पर गंदा पानी भरा होने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.



**ब्यावरा.** शहीद कॉलोनी में एकत्रित पानी से परेशानी

**पॉश कॉलोनी के यह हाल**

शहीद कॉलोनी नगर की प्रथम पॉश कॉलोनी में शामिल है. पॉश कॉलोनी में इस तरह के हालात देख हर कोई स्तब्ध रह जाता है. जिस मार्ग पर गंदा पानी बह रहा है उस मार्ग से रोजाना जिम्मेदारों का आना-जाना लगा रहता है.



**खिलचीपुर.** वृंदावन से भगवान जगन्नाथ, बलराम व सुभद्रा की प्रतिमाएं पुलिस अपने साथ लेकर खिलचीपुर रवाना.

# दो दिन बाद वृंदावन से लौटे खिलचीपुर के जगन्नाथ

## थाना प्रभारी उमाशंकर मुकाती भगवान और पुजारी दोनों को लेकर लौटे, फिर से विराजेंगे मंदिर में

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 22 मार्च, सं. आस्था से जुड़े बहुचर्चित घटनाक्रम में अब सकारात्मक मोड़ आ गया है. वृंदावन पहुंची पुलिस टीम ने पुजारी विष्णुदास से चर्चा के बाद भगवान जगन्नाथ, बलराम और सुभद्रा जी की प्रतिमाओं को वापस लाने में सफलता हासिल कर ली है. पुजारी भी पुलिस टीम के साथ सोमवार दोपहर करीब 2.30 बजे खिलचीपुर के लिए रवाना हो चुके हैं और देर रात तक मंदिर पहुंचने की संभावना है.**

मंदिर में विधि-विधान के साथ तीनों प्रतिमाओं को पुन: विराजमान किया जाएगा. इसके बाद शाम को भजन एवं महाआरती का आयोजन प्रस्तावित है. इस घटनाक्रम से श्रद्धालुओं में राहत और खुशी का माहौल है, वहीं पूरे मामले को लेकर कई सवाल भी उठने लगे है.

**प्रताड़ना से परेशान होकर पुजारी गए थे वृंदावन-** जानकारी के अनुसार, कुछ दिन पहले मंदिर परिसर में असामाजिक तत्वों द्वारा पुजारी के साथ मारपीट और धमकी देने की घटनाएं सामने आई थीं. आरोप है कि मंदिर परिसर में गांजा पीने वाले कुछ लोगों ने पुजारी को लगातार प्रताड़ित किया. इसी से आहत होकर पुजारी विष्णुदास गुरुवार रात बिना किसी को सूचना दिए भगवान की प्रतिमाएं साथ लेकर वृंदावन चले गए थे. इस दौरान उन्होंने रास्ते में जारी एक वीडियो में अपनी पीड़ा भी जाहिर की थी.

**पुलिस टीम ने समझाईश के बाद बनाई सहमति-** घटना के बाद शनिवार को खिलचीपुर थाना प्रभारी उमाशंकर मुकाती पुलिस बल और नगर के कुछ लोगों के साथ वृंदावन के लिए रवाना हुए. देर रात पुजारी से संपर्क स्थापित कर बातचीत की गई. समझाइश और आश्वासन के बाद सहमति बनी, जिसके बाद प्रतिमाओं को वापस लाने की प्रक्रिया शुरू की गई.

### कार्रवाई को लेकर उठ रहे सवाल

हालांकि प्रतिमाओं की वापसी से आस्था बहाल होने की उम्मीद जगी है, लेकिन इस पूरे घटनाक्रम ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं. सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर उन असामाजिक तत्वों पर क्या कार्रवाई होगी, जिनकी धमकियों और कथित मारपीट के चलते पुजारी को मंदिर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा. स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सख्ती की जाती, तो यह स्थिति उत्पन्न ही नहीं होती. अब सभी की नजर इस बात पर टिकी है कि क्या पुलिस आरोपियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई करती है या मामला केवल प्रतिमाओं की वापसी तक ही सीमित रह जाएगा.

**बेटी है तो कल है**

**लखनवास के समीप ग्राम तरेनी में बेटी रानी लववंशी की उपलब्धि पर गांव में मना जश्न**

# सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनने पर 'रानी' की तरह स्वागत, गांव में भण्डारा

नवभारत न्यूज

**लखनवास 22 मार्च, सं. बेटियों की शिक्षा को लेकर जागरूकता ग्रामीण अंचलों में भी बढ़ रही है. बेटियां अपनी प्रतिभा से परिवार व समाज का नाम रोशन कर रही है. बेटियों की इस उपब्धि को अब ग्रामीण अंचलों में उत्सव की तरह मनाया जा रहा है. मामला लखनवास में सामने आया जहां पर्वत सिंह लोधा की बेटी रानी सॉफ्टवेयर इंजीनियर की डिग्री पूर्ण कर अपने गांव लौटी. उसके आगमन पर आसपास के गांव के सभी सामाजिक लोगों में खुशी का माहौल देखा गया. ग्रामीणों ने उसका स्वागत किया, कार व गांव में उसे घुमाया गया और ग्रामीणों को भोजन भी कराया गया.**



**लखनवास.** सॉफ्टवेयर इंजीनियर रानी लववंशी का स्वागत करते ग्रामीणजन.

रानी लववंशी के पिता का कहना है की बेटी सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनकर समाज एवं हमारा गांव माता-पिता तथा प्रदेश का नाम रोशन किया है. इसके बाद कथा और भंडारे का आयोजन कर सभी को भोजन प्रसादी कराया गया. इस अवसर पर गजेंद्र सिंह पूर्व जनपद सदस्य सुंदरपुरा, मोतीलाल अन्ना साहब, लोधा लोधी समाज प्रदेश प्रवक्ता रघुवीर सिंह लोधा, जनपद सदस्य लोधा समाज युवा प्रदेश उपाध्यक्ष उमरेड रामबाबू शिक्षक तरेनी, कांग्रेस मण्डल अध्यक्ष बाबूलाल मीना तरेनी, समाजसेवी रामहेत मीना, रघुवीर सरपंच लोदीपुरा, नन्नूलाल विश्वकर्मा उमरेड, नवल सिंह मंत्री ग्राम पंचायत सचिव जामी, घीसालाल लोधा, विजय सिंह लववंशी पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत कुंडी खेड़ा पहुंचे.

### वीरांगना रानी अवंती बाई के बलिदान को याद किया

**नवभारत न्यूज, सुठालिया 22 मार्च, सं.** वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी का 168 वां बलिदान दिवस स्थानीय बस स्टेंड तिराहे पर रानी अवंती बाई की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर मनाया गया. वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी ने 1857 की क्रांति में 20 मार्च 1858 को रामगढ़ की रक्षा के लिए अंग्रेजों से लड़ते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी. साथ ही रानी अवंती बाई लोधी ने अंग्रेजों की हड़प नीति का भी विरोध किया. 4000 सैनिकों के साथ संघर्ष किया. रानी अवंती बाई लोधी के बलिदान दिवस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मोतीलाल अन्ना साहब, ओम वर्मा, घीसा लाल अध्यक्ष तरेना, हजारी लाल सरपंच बगवाज, विजय सिंह सरपंच लोदीपुरा, इंदरसिंह लववंशी, श्याम सिंह सोंधिया मंडल अध्यक्ष, अशोक अग्रवाल, श्याम पालीवाल नप अध्यक्ष प्रतिनिधि गिरिराज लोधी नप उपा प्रदीप सिंह परमार, ओम पालीवाल, मनोज शर्मा, संजू पालीवाल, महेश पालीवाल उमेश मिश्रा, दूल्हा शाह, मोहन लोधी, इंदरसिंह लोधी पारसाना, पदम सिंह हीरालाल लोधी, घनश्याम लोधी मांगीलाल शिक्षक, संतोष लोधी शिक्षक, घनश्याम लोधी रामस्वरूप लोधी आदि उपस्थित थे.


HONDA
Shine का वही भरोसा
अब 100cc में
सुविधाओं के साथ
होंडा की सभी गाड़ियाँ सभी रंग व मॉडलो में उपलब्ध
फायनेंस सुविधा उपलब्ध
100 पे 100
माय शिवा होंडा
नीलू ट्रेड सेंटर, बस स्टेण्ड के सामने ओल्ड ए.बी.रोड़ ब्यावरा
Mob. 7770855999, 8821039999